(6)

<u>भ्रमण आख्या</u>

भ्रमणकर्ता अधिकारी का नामः 1. **श्री राजेश बांगिया, उपमहाप्रबंधक– प्रोजेक्टस**

2. **कौशल सिंह बिष्ट, मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक, आर0ई एण्ड के0एम, सिफ्सा**

भ्रमण की तिथिः <u>दिनांक 20–21 अक्टूबर 2016</u>

मिशन निदेशक, एन0एच0एम0 के पत्रांक संख्या एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0एण्डई0/2016–17/04/6291–2 दिनॉक 17 अक्टूबर 2016 के निर्देश पर दिनॉक 20–21 अक्टूबर 2016 को जनपद उन्नाव एवं रायबरेली जनपद का भ्रमण किया गया। दोनों जनपदों में निम्न आउटरीच सत्रों का अनुश्रवण किया गया।

क0स0	जनपद का नाम	दिनॉक	ब्लाक का नाम	मातृत्व सप्ताह दिवस आयोजित स्थल का नाम	उपकेन्द्र/इकाई का नाम
1	उन्नाव	20.10.2016	नवाबगंज	ऑगनवाडी केन्द्र, बाबाखेडा	आशा खेडा
2	उन्नाव	20.10.2016	नवाबगंज	प्रा0पा0 बरूआ	अजगैन
3	उन्नाव	20.10.2016	उन्नाव शहर	ऑगनवाडी घर, दरोगाबाद	अर्बन प्राथ स्वास्थ्य केन्द्र, मोतीनगर
4	उन्नाव	20.10.2016	उन्नाव शहर	ऑगनवाडी घर, अटल बिहारी नगर	अर्बन प्राथ स्वास्थ्य केन्द्र, पुरानीबाजार
5	उन्नाव	20.10.2016	सिकन्दरपुर सिरोसी	आशा का घर, निबहरा महुआरी	खोआजगीरपुर
6	उन्नाव	20.10.2016	सिकन्दरपुर सिरोसी	ऑगनवाडी केन्द्र, प्रा0विधा0सथरा	सथरा
7	रायबरेली	21.10.2016	बछरॉवा	उपकेन्द्र, जीगो	जिगो
8	रायबरेली	21.10.2016	बछरॉवा	प्राथ0विघालय, बहादुरनगर	रानीखेडा
9	रायबरेली	21.10.2016	हरचन्दपुर	उपकेन्द्र, गंगागंज	गंगागंज
10	रायबरेली	21.10.2016	हरचन्दपुर	उपकेन्द्र, मुबारकपुर	मुबारकपुर
11	रायबरेली	21.10.2016	हरचन्दपुर	उपकेन्द्र, टाण्डा	टाण्डा
12	रायबरेली	21.10.2016	रायबरेली शहर	ऑगनवाडी का घर, छाजलापुर	अर्बन पी0एच0सी0 देवानंदपुर

जनपद उन्नाव मे भ्रमण के दौरान प्रकाश में आये हुए महत्वपूर्ण बिन्दुः

1. ए0एन0एम0/आशा/ऑगनवाडी के मध्य सामंजस्य अच्छा देखने को मिला। आशाखेडा उपकेन्द्र के गॉव बाबाखेडा में तैनात ऑगनवाडी और ए0एन0एम0 के मध्य सामंजस्य का अभाव पाया गया। ऑगनवाडी आशाखेडा गॉव में रहती हैं जो कि प्रतिदिन ऑगनवाडी नही खोलती है।
2. गर्भवती माताओं के सत्र में जॉच हेतु पृथक स्थान तैयार करने में ए0एन0एम0 द्वारा रूचि प्रदर्शित नही की गई। तीन सत्रों में पृथक स्थान तैयार कराया गया।
3. पीने के पानी की व्यवस्था उचित तरीके से नही की गई।
4. ब्लाक से प्रचार प्रसार सामग्री के प्रति ए0एन0एम0/आशा/ऑगनवाडी में जागरूकता नही दिखाई दी। बैनर में तारीख, स्थल आदि का विवरण नही लिखा गया था।
5. एम0सी0पी0 कार्ड की उपलब्धता शत प्रतिशत सत्रों में नही दिखाई दी।
6. शहरी क्षेत्र में अर्बन पी0एच0सी0 पर तैनात ए0एन0एम0 द्वारा भी आउटरीच सत्रों का आयोजन किया गया। कम संसाधनों पर भी अच्छा प्रयास किया गया। ए0एन0एम0 को हीमोग्लोबिन हेतु रक्त लेने हेतु प्रिक पैन से करने की जानकारी नही दी गई थी। जिसे सत्र के दौरान टीम द्वारा दिया गया।
7. शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोतीनगर में किराये के भवन में कोल्ड चेन प्वाईण्ट बना दिया गया है। केन्द्र पर जनपरेटर की व्यवस्था नही है।
8. ब्लाक सिकन्दरपुर सिरोसी की ए0एन0एम0 द्वारा बताया गया कि चिकित्सा अधीक्षक डा0 विजय कुमार द्वारा मातृत्व सप्ताह के प्रथम चरण में बी0पी0 की मशीन उपलब्ध कराने के एवज में रू0 1450 प्रति मशीन नकद धनराशि ए0एन0एम0 से ली गई है। मशीन की गुणवत्ता अधोमानक पाई गई। उपकेन्द्र सथरा में बी0पी0 मशीन खराब पाई गई।
9. आउटरीच सत्रों में बिन्दी के स्थान पर लाल स्कैचपेन पाया गया। एच0आर0पी0 सील एक उपकेन्द्र पर देखने को मिली।
10. ब्लाक सिकन्दरपुर सिरोसी में चिकित्सा अधीक्षक समस्त वित्तीय कार्य ब्लाक मुख्यालय में न करके स्वयं अपने निवास स्थान उन्नाव शहर से संपादित करते है। बी0ए0एम0 एवं एम0सी0टी0एस0 ऑपरेटर कम्प्यूटर पर कार्य चिकित्सा अधीक्षक के आवास पर ही करते है। ब्लाक स्तर पर मातृत्व सप्ताह में आउटरीच कैम्पों की तैयारियों हेतु बैठक प्रभावकारी तरीके से नही की गई।
11. जनपद स्तर पर मातृत्व सप्ताह की तैयारियों के संबंधमें जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपादित बैठक एवं मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में संपादित बैठक का कार्यवृत्त नही दिखाया गया।

<u>जनपद रायबरेली मे भ्रमण के दौरान प्रकाश में आये हुए महत्वपूर्ण बिन्दुः</u>

1. 3 सत्रों में ए0एन0एम0/आशा/ऑगनवाडी के मध्य सामंजस्य अच्छा देखने को मिला। अवशेष 3 सत्रों में ऑगनवाडी अनुपस्थित पाई गई।
2. सत्र पर लाल बिन्दी के स्थान पर लाल स्कैचपैन पाया गया। एच0आर0पी0 मोहर अधिकांशी सत्रों में नही पाई गई।
3. ब्लाक हरचंदपुर में चिकित्सा अधीक्षक द्वारा बी0पी0एम0 की डयूटी कण्ट्रोल रूम में लगाकर मातृत्व सप्ताह की तैयारियों स्वयं कराई गई। बी0पी0एम0 को अभियान अथवा अन्य कार्यक्रमों की जानकारियॉ नही दी जा रही है।
4. अधिकांश सत्रों में प्रथम चरण की टेली शीट का उपयोग किया जा रहा था।

5. सुरक्षित मातृत्व पुस्तिका की कमी सत्रों में देखने को मिली।
6. शहरी क्षेत्र में अर्बन पी0एच0सी0 पर तैनात ए0एन0एम0 द्वारा भी आउटरीच सत्रों का आयोजन किया गया। ए0एन0एम0 को गर्भवती की जॉच हेतु सामग्री प्रदान नही किया गया। ए0एन0एम0 को आर0सी0एच0 रजिस्टर भी उपलब्ध नही कराया गया है।

संलग्नकः 12 आउटरीच सत्रों की चेकलिस्ट प्रारूप 13

भ्रमण आख्या अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

26/10/16
(Kaushal Singh Bisht)
Divisional Project Manager (R&E & KM)

26.10.16
(RAJESH ...)
DGM (...)